पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश की 25वीं श्रृंखला "बच्चे हैं अनमोल" को सम्बोधित किया

———————

कोरोना से लड़ाई में स्वस्थ तन के साथ मन भी मजबूत रखें

——————

कोरोना से बचाव के नियमों का ध्यान रखें, खुद को और समाज को भी संक्रमित होने से बचाएं

———————

छोटे बच्चे संक्रमित न हो इसका पहले से ध्यान रखें

———————

घर के सभी वयस्कों का टीकाकरण अवश्य कराएं

———————

बच्चों को अभी से घर का तथा पौष्टिक आहार दें

———————

गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का चिन्हीकरण करके संक्रमण से बचाव की व्यवस्था की जाये—

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊ 31 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां निराला नगर, लखनऊ स्थित सरस्वती कुंज में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व व्यापी महामारी कोरोना से बच्चों के बचाव हेतु चलायी जा रही "बच्चे हैं अनमोल" की 25वीं श्रृंखला को मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरोना से लड़ाई में तन के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ—साथ मन भी मजबूत रखें। आत्मबल किसी भी बीमारी से लड़ने में बहुत बड़ा संबल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थिति में कोरोना से बचाव के नियमों का ध्यान रखें, खुद को बचाएं और समाज को भी संक्रमित होने से बचाएं।

राज्यपाल जी ने कहा कि विशेषज्ञों ने सितम्बर माह के आखिरी सप्ताह तक कोरोना की तीसरी लहर के प्रकोप की आशंका व्यक्त की है, जिसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ने की आशंका है। इसके लिए छोटे बच्चे संक्रमित न हो इसका पहले से ध्यान रखना होगा। घर के सभी वयस्क सदस्यों का पहले से टीकाकरण अवश्य करा लिया जाए। बच्चों

को पौष्टिक आहार ही दें। संक्रमण की आशंका होने पर अविलम्ब चिकित्सक के पास ले जाएं।

राज्यपाल जी ने कहा कि जो बच्चे पहले से गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हैं, उनका चिन्हीकरण करा लिया जाए। बीमार बच्चों में कोरोना संक्रमण का खतरा भी अधिक होगा इसलिए इनकी चिकित्सा की पहले से ही व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि परिवार में सभी सदस्य ये संकल्प करें कि वे संक्रमण नहीं फैलने देंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन में स्वस्थ जीवन–शैली अपनाने तथा अस्वस्थ व हानिकारक आदतों को त्यागने पर जोर दिया।

ज्ञात हो कि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों को कोरोना संक्रमण से बचाने हेतु सूचना एवं जानकारी बढ़ाने के उददेश्य से "बच्चे हैं अनमोल" ऑनलाइन श्रृंखला चलाई जा रही है, जिसमें न केवल उत्तर प्रदेश अपितु बाहरी राज्यों के विद्यार्थी एवं अभिभावक सम्पर्क करके जानकारी हासिल कर सकते हैं। आज इसकी 25वीं श्रृंखला के प्रसारण पर राज्यपाल जी बड़ी संख्या में बच्चों और अभिभावकों को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कोरोना से बचाव, स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने, बचपन से पौष्टिक आहार अपनाने के साथ–साथ शुद्ध आचरण, सेवा भाव और स्वच्छता की आदतों को व्यवहार में लाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर के.जी.एम.यू, लखनऊ के पूर्व वी.सी. डा0 एम.एल.भट्ट ने कोरोना वायरस के प्रकारों, इसके उत्पत्ति के कारकों और इसके विनाशकारी तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा चूंकि अभी बच्चों का टीका विकसित नहीं हुआ है इसलिए कोरोना की तीसरी लहर में उनके संक्रमित होने की आंशका व्यक्त की जा रही है। उन्होंने बचाव के लिए अभिभावकों के टीकाकरण पर जोर देते हुए बच्चों के लिए आयुर्वेदिक दवाइयों की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में राज्यपाल जी ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विधायी, न्याय, ग्रामीण अभिमंत्रण सेवा श्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व आई0ए0एस0 श्री ए.के.शर्मा, वरिष्ठ आई0ए0एस0 श्री एल.वेंकटेश्वर लू, वरिष्ठ आई0पी0एस0 श्री वी.के. ठाकुर, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश, के.जी.एम.यू, लखनऊ के पूर्व वी.सी. डा0 एम.एल. भट्ट सहित चिकित्सा के विविध क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दे रहे के.जी.एम.यू वरिष्ठ चिकित्सों को अगंवस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्या भारती के ऑनलाइन एप का संचालन व एल.एम.एस. (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम) की जानकारी ली तथा विद्या भारती की मासिक पत्रिका "सृष्टि संवाद भारती" का विमोचन भी किया।

––––––

(राजभवन 22/19)

विद्या भारती, पूर्वी उत्तर प्रदेश
“सा विद्या या विमुक्तये”

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया)
उच्च तकनीकी (डिजिटल) सूचना संवाद केन्द्र